an>

Title: Need to run special train between Muzaffarpur and Delhi.

श्री अजय निÂ◌ा◌ाद (मुज़फ़्फ़रपुर): मेरा संसदीय क्षेत्र मुजफ्फरपुर उत्तर बिहार का एक प्रमुख व्यवसायिक, औद्योगिक एवं शैक्षणिक केन्द्र है और साथ ही इसके चारों तरफ उतर बिहार के लगभग 11-12 लोक सभा क्षेत्र हैं, जहाँ से चलने वाली कोई ऐसी सुपरफास्ट रेलगाड़ी नहीं है जो मुजफ्फरपुर से नई दिल्ली 14-15 घंटे में पहुँचा सके। इस कारण मुझे एवं इन सभी 11-12 लोक सभा क्षेत्र के माननीय सांसदों को पटना आकर राजधानी एक्सप्रेस से दिल्ली आना पड़ता है। मुजफ्फरपुर से पटना जाने में अगर जाम नहीं मिला तो लगभग 3 घंटों और फिर पटना से दिल्ली आने में लगभग 12-13 घंटों का वक्त लगता है। मैं इस संदर्भ में कई बार माननीय रेल मंत्री जी से मिलकर सांसदों एवं आमजनों को होने वाली परेशानियों से अवगत कराते हुए एक स्पेशल गाड़ी मुजफ्फरपुर से नई दिल्ली चलाने का आग्रह कर चुका हूँ जो मुजफ्फरपुर से नई दिल्ली 14-15 घंटे में पहुँचा दे। लेकिन इस दिशा में अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया जा सका है।

अतः मेरा माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध है कि न केवल हम सांसदों अपितु व्यापारियों एवं आमजनों को हो रही दिक्कतों से निजात दिलाने के मद्देनजर शीघ्र ही एक स्पेशल गाड़ी मुजफ्फरपुर से नई दिल्ली के लिए चलवायी जाए जो 14-15 घंटे में इस दूरी को तय करें।